भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग**,** नई दिल्ली

29 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा अलीपुर द्वार (पश्चिम बंगाल) में आयोजित जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

तृणमूल कांग्रेस की सरकार के अत्याचार से त्रस्त होकर पश्चिम बंगाल की जनता 2019 के लोक सभा चुनाव में बड़ा फैसला लेने जा रही है। तृणमूल की हार निश्चित है क्योंकि पश्चिम बंगाल की जनता विकास चाहती है, शांति और समृद्धि चाहती है। भारतीय जनता पार्टी राज्य में 23 सीटें जीतने जा रही है

****

भारतीय जनता पार्टी ने देश को श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में एक परिश्रमी, निर्णायक और संवेदनशील प्रधानमंत्री दिया है जो सतत देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहते हैं, जो चीन एवं पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दे सकते हैं

****

तृणमूल कांग्रेस थ्री 'T' अर्थात तृणमूल टोलबाजी टैक्स की पर्याय बन चुकी है। कॉलेज एडमिशन से लेकर जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र, शौचालय निर्माण और विधवा पेंशन में भी प्रदेश की जनता को तृणमूल कांग्रेस के अपराधी तत्वों को टोल टैक्स देना पड़ता है।

****

माँ, माटी और मानुष का नारा देने वाली ममता बनर्जी की सरकार में 'माँ' से ममता चली गई, 'माटी' अवैध घुसपैठियों को दे दी और 'मानुष' को हिंसा में झुलसाकर तिल-तिल को मरने को मजबूर कर दिया गया

****

तृणमूल सरकार राज्य में इमामों को मासिक भत्ता देती है, हमें इससे कोई तकलीफ नहीं है लेकिन मासिक भत्ता मंदिर के पुजारियों को भी दी जानी चाहिए।

****

ममता बनर्जी सरकार जबरन स्कूलों में उर्दू थोप रही है। जिस विद्यालय में एक भी उर्दू का विद्यार्थी नहीं है, वहां भी उर्दू शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। इसके विरोध में आवाज उठाने वाले हमारे दो कार्यकर्ताओं राजेश सरकार और तापस बर्मन की निर्मम हत्या कर दी गई। क्या इस प्रकार का शासन पश्चिम बंगाल में रहना चाहिए?

****

पश्चिम बंगाल के इस बार के बजट में मदरसों के लिए 4000 करोड़ रुपये आवंटित किये गए लेकिन पूरे पश्चिम बंगाल में उच्च शिक्षा के लिए आवंटित कुल बजट 4000 करोड़ रुपये से भी कम है

****

ममता बनर्जी यदि समझती हैं कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या कर भाजपा को रोक पायेंगी तो यह उनकी भूल है। वे जिनते भी अपराधी उतारना चाहती हैं, उतार लें, हमारे कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। तृणमूल की इस हिंसात्मक राजनीति से प्रदेश की जनता को केवल और केवल श्री नरेन्द्र मोदी ही बचा सकते हैं

****

पार्टी कार्यकर्ता राज्य के गाँव-गाँव गली-गली जाएँ और लोगों को संदेश दें कि तृणमूल के अपराधी तत्वों से डरने की जरूरी नहीं है। इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं की फ़ौज पश्चिम बंगाल में स्वच्छ चुनाव के लिए जान की बाजी लगा देगी

****

ममता बनर्जी को लगता है, उनकी नैया घुसपैठिये पार लगा देंगे लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है क्योंकि मोदी सरकार फिर से आने वाली है। हम पश्चिम बंगाल में भी एनआरसी लेकर आयेंगे और राज्य से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे

****

सिटिजन अमेंडमेंट बिल हमारा कमिटमेंट है। ममता बनर्जी को जितनी ताकत लगानी है, लगा लें, लेकिन शरणार्थियों को कोई नहीं निकाल सकता

****

एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास को समर्पित भाजपा नीत राजग है, वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी, राहुल गाँधी और मायावती का ठगबंधन है। तृणमूल के अपराधी तत्व गौ-तस्करी, टोल टैक्स और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो मोदी सरकार विकास के पथ पर अग्रसर है

****

मोदी सरकार ने देश के 50 करोड़ गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की लेकिन ममता बनर्जी ने गरीबों तक इस योजना को पहुँचने नहीं दिया। प्रदेश की जनता जब तक ममता बनर्जी को जब तक नहीं बदलेगी, तब तक ये योजना राज्य की जनता तक नहीं पहुँच पायेगी

****

ममता बनर्जी के समर्थन से केंद्र में 10 वर्षों तक चलने वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार ने अंतिम पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल को केवल 1,32,000 करोड़ रुपये दिए जबकि मोदी सरकार ने पांच वर्षों में राज्य के लिए 4,24,900 करोड़ रुपये आवंटित किये लेकिन ये सारा पैसा तृणमूल के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है

****

मुझे समझ में नहीं आया कि एयरस्ट्राइक तो पाकिस्तान में हुई, आतंकवादियों पर हुई लेकिन ममता बनर्जी इतनी गुस्से में क्यों है, बाद में पता चला कि ममता दीदी तो अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए गुस्सा हो रही हैं। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी और सपा पाकिस्तान से बातचीत की सलाह देते हैं

****

मैं पश्चिम बंगाल की जनता से पूछना चाहता हूँ कि आतंकवादियों पर बम बरसाना चाहिए या नहीं? मोदी सरकार आतंकवादियों को नहीं छोड़ेगी और पाकिस्तान की गोली का जवाब गोले से देगी

****

भारत की अंतरिक्ष में उपलब्धि पर देश की जनता को गर्व हो रहा है जबकि ममता बनर्जी, राहुल गाँधी और अखिलेश यादव इससे बौखलाए हुए हैं। चिंता मत कीजिये ममता दीदी, पश्चिम बंगाल की जनता का मिसाइल आप पर गिरने वाला है और राज्य से तृणमूल कांग्रेस का सफाया होने वाला है

****

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों के लिए देश और देश की सीमाओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण नहीं है, आतंकवादियों का सफाया महत्वपूर्ण नहीं है, घुसपैठिये महत्वपूर्ण हैं

****

ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल के हमारे गोरखा भाइयों पर अत्याचार किया लेकिन मैं गोरखा भाइयों को आश्वस्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि ममता बनर्जी का युग पश्चिम बंगाल से समाप्त होने वाला है, भारतीय जनता पार्टी चट्टान की तरह गोरखा भाइयों के साथ खड़ी है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के अलीपुर द्वार में आयोजित विशाल जन-सभा को संबोधित किया और पश्चिम बंगाल में हिंसा और तुष्टीकरण की राजनीति कर राज्य की जनता को परेशान करने के लिए प्रदेश की तृणमूल कांग्रेस सरकार और ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला।

श्री शाह ने कहा कि 2019 का लोक सभा चुनाव देश के लिए तो महत्वपूर्ण है ही लेकिन पश्चिम बंगाल के लिए यह चुनाव अपना अस्तित्व और पहचान बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से राज्य में तृणमूल की सरकार चलाई है, उसने राज्य की महान विरासत और परंपराओं को नष्ट कर दिया है और लोकतंत्र का गला घोंटा है। उन्होंने

कहा कि **एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास को समर्पित भाजपा नीत राजग है, वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी, राहुल गाँधी और मायावती का ठगबंधन है।** उन्होंने कहा कि **पश्चिम बंगाल की जनता पर तृणमूल कांग्रेस के अत्याचार जिस तरह से बढ़े हैं, उससे त्रस्त होकर राज्य की जनता 2019 के लोक सभा चुनाव में बड़ा फैसला लेने जा रही है। जनता ने तृणमूल कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने का निश्चय कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी राज्य में 23 सीटें जीतने जा रही है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **तृणमूल कांग्रेस थ्री 'T' अर्थात तृणमूल टोलबाजी टैक्स की पर्याय बन चुकी है। कॉलेज एडमिशन से लेकर जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र, शौचालय निर्माण और विधवा पेंशन में भी प्रदेश की जनता को तृणमूल कांग्रेस के अपराधी तत्वों को टोल टैक्स देना पड़ता है।** जो पश्चिम बंगाल चैतन्य महाप्रभु के संदेश, रवींद्र संगीत और स्वामी रामकृष्ण परमहंस एवं स्वामी विवेकानंद की धरती रही है, आज वहां बम धमाके सुनाई दे रहे हैं, आज वहां सरस्वती पूजा एवं दुर्गा पूजा की भी परमिशन लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि **माँ, माटी और मानुष का नारा देने वाली ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की जनता को कम्युनिस्ट सरकार की अराजकता से मुक्त करने का वादा देकर सरकार बनाई थी लेकिन अब तृणमूल सरकार अपराध और भ्रष्टाचार में कम्युनिस्टों से भी दो कदम आगे निकल गई है। 'माँ' से ममता चली गई, 'माटी' अवैध घुसपैठियों को दे दी और 'मानुष' को हिंसा में झुलसाकर तिल-तिल को मरने को मजबूर कर दिया गया।**

श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 'कमल' संस्कृति और समृद्धि का प्रतीक है। हम हर धर्म को सामान दृष्टि से देखनेवाले लोग हैं**। तृणमूल सरकार राज्य में इमामों को मासिक भत्ता देती है, हमें इससे कोई तकलीफ नहीं है लेकिन मासिक भत्ता मंदिर के पुजारियों को भी दी जानी चाहिए। पश्चिम बंगाल के स्कूलों में जबरन उर्दू भाषा को थोपा जा रहा है। जिस विद्यालय में एक भी उर्दू का विद्यार्थी नहीं है, वहां भी उर्दू शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। महान बंगाली संस्कृति को ख़त्म करने के विरोध में इस्लामपुर में भारतीय जनता पार्टी के दो कार्यकर्ताओं राजेश सरकार और तापस बर्मन ने आवाज उठायी कि हमने अपने बच्चों को बंगाली भाषा में पढ़ाना है, परिणाम यह हुआ है कि दोनों कार्यकर्ताओं की दिन-दहाड़े गोली मार दी गई। क्या इस प्रकार का शासन पश्चिम बंगाल में रहना चाहिए?** उन्होंने कहा कि **पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के इस हिंसात्मक राजनीति से प्रदेश की जनता को केवल और केवल श्री नरेन्द्र मोदी ही बचा सकते हैं।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प**श्चिम बंगाल के इस बार के बजट में मदरसों के लिए 4000 करोड़ रुपये आवंटित किये गए, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन पूरे पश्चिम बंगाल में उच्च शिक्षा के लिए आवंटित कुल बजट 4000 करोड़ रुपये से भी कम है। उच्च शिक्षा को अनदेखा कर ममता बनर्जी किस प्रकार का पश्चिम बंगाल बनाना चाहती हैं?**

तृणमूल कांग्रेस की हिंसा की राजनीति पर जबरदस्त प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि पंचायत चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के खिलाफ थी। यह मसूस करते ही ममता बनर्जी गुस्सा हो गईं। उन्होंने राज्य की एक तिहाई

आबादी को वोट ही नहीं डालने दिया। भारतीय जनता पार्टी के 80 कार्यकर्ता पंचायत चुनावों में हताहत हुए, पूरे हिंदुस्तान में ऐसी हिंसक राजनीति आज तक किसी ने नहीं देखी। **ममता बनर्जी कान खोलकर सुन लें, यदि वे समझती हैं कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या कर वे भाजपा को रोक पायेंगी तो यह उनकी भूल है। ममता बनर्जी, आप जितने अपराधी उतारना चाहती हैं, उतार लें, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है, तृणमूल की हार निश्चित है क्योंकि पश्चिम बंगाल की जनता विकास चाहती है, शांति और समृद्धि चाहती है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए रथ यात्रा निकालने की योजना तैयार की थी, ममता बनर्जी ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया। हमारे हेलिकॉप्टर तक को नहीं उतरने दिया गया। ममता बनर्जी जी, आप कितने लोगों के मुंह बंद करेंगी। **ममता बनर्जी, आप अमित शाह का मुंह बंद कर सकती हैं लेकिन लाखों-करोड़ों माताओं, युवाओं और बुजुर्गों के मुंह बंद कैसे करेंगी।** उन्होंने **पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ता राज्य के गाँव-गाँव गली-गली जाएँ और लोगों को संदेश दें कि तृणमूल के अपराधी तत्वों से डरने की जरूरी नहीं है। इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं की फ़ौज पश्चिम बंगाल में स्वच्छ चुनाव के लिए जान की बाजी लगा देगी।** चुनाव आयोग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि **चुनाव आयोग ने राज्य में फ्री एंड फेयर इलेक्शन के लिए पारा-मिलिट्री फ़ोर्स की तैनाती की है ताकि राज्य की जनता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाए।**

श्री शाह ने कहा कि **ममता बनर्जी को लगता है, उनकी नैया घुसपैठिये पार लगा देंगे लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है क्योंकि मोदी सरकार फिर से आने वाली है। हम पश्चिम बंगाल में भी एनआरसी लेकर आयेंगे और राज्य से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे।** उन्होंने कहा कि **सिटिजन अमेंडमेंट बिल हमारा कमिटमेंट है। ममता बनर्जी को जितनी ताकत लगानी है, लगा लें, लेकिन शरणार्थियों को कोई नहीं निकाल सकता।** उन्होंने कहा कि **तृणमूल के अपराधी तत्व गौ-तस्करी, टोल टैक्स और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो मोदी सरकार विकास के पथ पर अग्रसर है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की लेकिन ममता बनर्जी ने गरीबों के लिए वरदान बनी इस योजना को प्रदेश की जनता तक पहुँचने नहीं दिया। प्रदेश की जनता जब तक ममता बनर्जी को जब तक नहीं बदलेगी, तब तक ये योजना राज्य की जनता तक नहीं पहुँच पायेगी।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी मोदी सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल का हिसाब मांगते हैं लेकिन आपकी चार पीढ़ियों ने देश के लिए क्या किया, देश की जनता पहले इसका हिसाब चाहती है।** उन्होंने कहा कि **ममता बनर्जी के समर्थन से केंद्र में 10 वर्षों तक चलने वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार ने अंतिम पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल को केवल 132,000 करोड़ रुपये दिए**

जबकि मोदी सरकार ने पांच वर्षों में राज्य के लिए 424900 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं लेकिन ये सारा पैसा राज्य की गरीब जनता तक पहुँचने के बजाय तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।

ममता बनर्जी पर करारा प्रहार जारी रखते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान में भारत पर हमला करने को तैयार आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक क्या किया, ममता बनर्जी गुस्सा हो गई। मुझे समझ में नहीं आया कि एयरस्ट्राइक तो पाकिस्तान में हुई, आतंकवादियों पर हुई लेकिन ममता बनर्जी इतनी गुस्से में क्यों है तो पता चला कि ममता दीदी तो अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए गुस्सा हो रही हैं।** उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा कि **तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी और सपा पाकिस्तान से बातचीत की सलाह देते हैं। मैं पश्चिम बंगाल की जनता से पूछना चाहता हूँ कि आतंकवादियों पर बम बरसाना चाहिए या नहीं?** जनता ने एक स्वर में आतंकवादियों के खात्मे का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार आतंकवादियों को नहीं छोड़ेगी और पाकिस्तान की गोली का जवाब गोले से देगी।** उन्होंने कहा कि भारत **ने हाल ही में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरिक्ष में एक लाइव सैटेलाईट को मिसाइल से मार गिराया। अब तक ऐसी शक्ति दुनिया के केवल तीन देशों के पास ही थी। देश की जनता को इस पर गर्व हो रहा है जबकि ममता बनर्जी, राहुल गाँधी और अखिलेश यादव इससे बौखलाए हुए हैं। चिंता मत कीजिये ममता दीदी, पश्चिम बंगाल की जनता का मिसाइल आप पर गिरने वाला है और राज्य से तृणमूल कांग्रेस का सफाया होने वाला है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों के लिए देश और देश की सीमाओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण नहीं है, आतंकवादियों का सफाया महत्वपूर्ण नहीं है, घुसपैठिये महत्वपूर्ण हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल के हमारे गोरखा भाइयों पर अत्याचार किया लेकिन मैं गोरखा भाइयों को आश्वस्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि ममता बनर्जी का युग पश्चिम बंगाल से समाप्त होने वाला है, भारतीय जनता पार्टी चट्टान की तरह गोरखा भाइयों के साथ खड़ी है।** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी ने देश को श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में एक परिश्रमी, निर्णायक और संवेदनशील प्रधानमंत्री दिया है जो सतत देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहते हैं, जो चीन एवं पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दे सकते हैं।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव